जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2018/60 दिनांक : 17/01/2018

प्रति,

अंतिम अवसर

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्ध महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- स्नातकोत्तर एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी./एम0एससी.(होम साइंस) तृतीय सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/असंस्थागत-PRIVATE), एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T) - छात्रों के लिये) परीक्षा दिसम्बर-2017 के प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक 22.01.2018 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करने एवं प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा करने वावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गततलेख है कि **एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी./एम0एससी.(होम साइंस) तृतीय सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/असंस्थागत- (PRIVATE) एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T), परीक्षा दिसम्बर-2017** की प्रायोगिक हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। नियुक्त किये गये बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति पत्र संबंधित महाविद्यालयों की ओर महाविद्यालयों की ई-मेल आई.डी0 पर भेजे जा चुके है।ऐसे महाविद्यालय जिनको प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षको के नाम प्राप्त नहीं हुऐ है, वह विश्वविद्यालय से पत्र प्राप्त करें एवं नियुक्त बाह्य परीक्षकों से सम्पर्क कर शीघ्र परीक्षाऐं सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी./एम0एससी.(होम साइंस) तृतीय सेमेस्टर (नियमित/ भूतपूर्व/असंस्थागत - (PRIVATE), एवं ए.टी.के0टी (A.T.K.T), दिसम्बर-2017 के छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर दिनांक 22.01.2018 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करें, अपडेट किये गये आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंको की सूची की हार्डकापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में दिनांक 25.01.2018 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको यह भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन अपडेट किये जाने है । ए.टी.के0टी (A.T.K.T), परीक्षा में सम्मलित परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे ए.टी.के0टी (A.T.K.T), परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है। केवल उन्ही छात्रों के नवीन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट किये जाते है।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं।

विशेष नोटः- महाविद्यालय प्राचार्य आवश्यक रूप से यह सुनिशचित करें कि, महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट हों, यदि महाविद्यालय द्वारा किसी छात्र/छात्रा के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑफलाइन हार्डकॉपी पर अंकित कर भेजे जाते है तो ऐसे अंक विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किये जावेंगे। आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंको के अपडेट नहीं किये जाने की स्थिति में छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय जिम्मेदार होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित/भूतपूर्व/असंस्थागत छात्र/छात्राओं के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)